हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जून 2026

06 अध्यक्ष की पंचायत में हुआ 'विकास' लापता...

09 तीन माह से अधूरी सड़क बनी मुसीबत, चार दिन...

खबर संक्षेप

जिले में 12, 15 और 16 जून को आयोजित होंगे जनकल्याण शिविर

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों एवं जनपदों में 12, 15 और 16 को जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी विकासखंडों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में आयोजित होने वाले इन शिविरों का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। जनकल्याण शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनका पंजीयन किया जाएगा तथा पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविरों में शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत एवं पारिवारिक शौचालयों के लिए भी आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। शिविरों में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, राजस्व प्रकरणों तथा अन्य जन शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा सूचना एवं सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी, आवेदन, पंजीयन तथा सेवा वितरण की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

800 लाभार्थियों को मिले निशुल्क चश्मे

सीहोर। जिले में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों में नजदीक दृष्टि दोष (पेस्बायोपिया) की समय पर पहचान एवं उपचार करने के उद्देश्य से संचालित पेस्बायोपिया परियोजना को उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह परियोजना भैरूंदा एवं इछावर ब्लॉक में प्रारंभ की गई है। परियोजना के संचालन में विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा 40 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की नज़दीकी दृष्टि संबंधी जांच की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें रीडिंग ग्लासेस (चश्मे) उपलब्ध कराए जा रहे हैं। परियोजना प्रारंभ होने के लगभग डेढ़ माह के भीतर भैरूंदा एवं इछावर विकासखंडों में करीब 2,500 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन सख्त, संचालक को जारी होगा नोटिस

रावत वेयर हाउस में गड़बड़झाला उजागर, जांच में मिलीं अनियमिताएं, कलेक्टर को सौंपी रिपोर्ट

सीहोर के दुर्ग गांव का मामला, खरीदी बंद होने के बाद भी रात में चोरी-छिपे ठिकाने लगाई जा रही थीं गेहूं की बोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

फैक्ट फाइल

कुल पंजीकृत किसान:
1 लाख 02 हजार 485
स्लॉट बुकिंग:
92,337 किसान
27 मई तक कुल खरीदी:
7.45 लाख टन गेहूं
कुल खरीदी मूल्य:
1826 करोड़ रुपए
अब तक किया गया भुगतान:
1495 करोड़ रुपए
सक्रिय खरीदी केंद्र
240 केंद्र

मध्य प्रदेश में रबी उपार्जन के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी भ्रष्टाचार का एक बड़ा खेल सामने आया था। सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुर्ग स्थित रावत वेयर हाउस में रात के अंधेरे में किए गए बड़े गड़बड़झाले की पुष्टि अब प्रशासनिक जांच में भी हो गई है। कलेक्टर द्वारा गठित की गई जांच टीम ने अपनी पड़ताल पूरी कर ली है, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गई हैं। टीम ने जांच रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को सौंप दी है, अब इसमें अगली कार्रवाई कलेक्टर को करनी है।

बता दें नियमों के मुताबिक समर्थन मूल्य पर खरीदी और तुलाई बंद होते ही केंद्रों का स्टॉक फ्रीज कर दिया जाता है और वेयर हाउस की चाबियां वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के सुपुर्द हो जाती हैं, लेकिन रावत वेयर हाउस में नियमों को ताक पर रखकर बीते सप्ताह रात के अंधेरे में एक काला खेल रचा जा रहा था।

वायरल हुआ था गड़बड़झाला: इस गड़बड़झाले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें खरीदी बंद होने के बाद भी रात के सन्नाटे में वेयर हाउस के अंदर गेहूं की बोरियां शिफ्ट की जा रही थीं। सूत्रों के अनुसार लगभग 1200 बोरी गेहूं कहीं दूसरी जगह अवैध रूप से डंप करके रखा गया था, जिसे तुलाई बंद होने के बाद वेयर हाउस के रिकॉर्ड में खपाने के लिए गुपचुप तरीके से अंदर किया जा रहा था। यह पूरा खेल इसलिए रचा गया ताकि भौतिक सत्यापन के दौरान स्टॉक में कोई कमी न दिखे और फर्जीवाड़ा पकड़ा न जाए।

अन्य वेयर हाउस संचालकों में भारी आक्रोश

रावत वेयर हाउस में रसूख के दम पर दिए गए इस वीआईपी ट्रीटमेंट और गड़बड़झाले से जिले के अन्य वेयर हाउस संचालकों में भारी आक्रोश है।

उनका आरोप है कि प्रशासन छोटे व्यापारियों और गरीब किसानों पर तो नियमों का डंडा चलाता है, लेकिन रसूखदारों को अवैध माल खपाने की खुली छूट दे दी जाती है। संचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले की निष्पक्ष और बारीकी से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

सिस्टम पर भी उठ रहे हैं ये गंभीर सवाल

ग्रामीणों द्वारा बनाए गए इस वीडियो के सामने आने के बाद प्रशासनिक गलियारों में हडकंप मच गया है। इस पूरे मामले ने संबंधित विभाग के सिस्टम को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है।

पहला सवाल: जब सरकारी खरीदी और तुलाई की अंतिम तारीख खत्म हो चुकी थी, तो वेयर हाउस का ताला किसकी अनुमति से खुला।

दूसरा सवाल: खरीदी बंद होने के तुरंत बाद चाबियां कॉरपोरेशन के पास जमा हो जाती हैं तो फिर रात में प्राइवेट गाडियां अंदर कैसे पहुंचीं।

तीसरा सवाल: क्या नियम-कायदे सिर्फ आम और गरीब किसानों के लिए हैं। रसूखदारों के आगे सारे सरकारी आदेश बौने क्यों साबित हो रहे हैं।

अहमदपुर क्षेत्र के दुरगांव के रावत वेयर हाउस का मामला

गड़बड़झाला: समर्थन मूल्य खरीदी बंद फिर भी वेयरहाउस में गुपचुप उतर रहा था गेहूं

सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल, प्रशासन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश में रबी उपार्जन के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समय-सीमा पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। किसान तुलाई बंद होते ही केंद्रों का स्टॉक फ्रीज कर चाबियां वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के सुपुर्द हो जाने चाहिए थीं, लेकिन सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुरगांव स्थित रावत वेयरहाउस से सामने आई एक सनसनीखेज़ ने पूरे सिस्टम की कटघरे में खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है, जिसमें खरीदी बंद होने के बाद भी रात के अंधेरे में वेयरहाउस के अंदर गेहूं की बोरियां शिफ्ट की जा रही हैं। ग्रामीणों द्वारा बनाया गया इस वायरल वीडियो के बाद जिले के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हडकंप मच गया है। सूत्रों और चर्चाओं के अनुसार लगभग 1200 बोरी गेहूं कहीं दूसरी जगह अवैध रूप से डंप करके रखा गया था, जिसे तुलाई बंद होने के बाद अब वेयरहाउस में खपाने के लिए गुपचुप तरीके से शिफ्ट किया जा रहा था। यहां सवाल यह है कि यदि निगमानुसार भौतिक सत्यापन होता तो वेयरहाउस में स्टॉक कम निकलता। यही वजह है कि स्टॉक को मैनेज करने के लिए यह पूरा खेल रचा गया।

जब तुलाई बंद तो खुला कैसे वेयरहाउस

इस पूरे मामले में वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन और खाद्य विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सीधा नजर आ रही है। क्षेत्र के किसानों और अन्य वेयरहाउस संचालकों ने इस पर जवाबदेही जताते हुए कुछ मुश्किलें सवाल उठाए हैं।

पहला सवाल: जब सरकारी खरीदी और तुलाई की अंतिम तारीख खत्म हो चुकी है तो वेयरहाउस का ताला किसकी अनुमति से खुला।

दूसरा सवाल: खरीदी बंद होने के तुरंत बाद वेयरहाउस की चाबियां कॉरपोरेशन के पास जमा हो जाती हैं तो फिर रात में प्राइवेट गाडियां अंदर कैसे पहुंचीं।

तीसरा सवाल: क्या नियम-कायदे सिर्फ आम और गरीब किसानों के लिए हैं। रसूखदारों के आगे सारे सरकारी आदेश बौने क्यों साबित हो रहे हैं।

वेयरहाउस संचालकों में भारी आक्रोश

इस वेयरहाउस में हुए वीआईपी ट्रीटमेंट और गड़बड़झाले से जिले के अन्य वेयरहाउस संचालकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन एक तरफ तो छोटे व्यापारियों और किसानों पर नियमों का डंडा चलाता है वहीं दूसरी तरफ रसूखदारों को अवैध रूप से माल अंदर करने की खुलेआम छूट दे रही है। यदि इस मामले की चर्चाओं में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे।

मामला संज्ञान में आया है, जांच कराएंगे

दुर्ग नाथ के राजा वेयरहाउस का वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे संज्ञान में आया है। तुलाई बंद होने के बाद किसी भी प्रकार का माल शिफ्ट करना नियमों के खिलाफ है। इस पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके आधार पर संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आकाश चंदेल, जिला उपार्जन अधिकारी सीहोर

समर्थन खरीदी पर एक नजर

- कुल पंजीकृत किसान : 1 लाख 02 हजार 485
- स्लॉट बुकिंग: 92,337 किसान
- 27 मई तक कुल खरीदी : 7 लाख 45 हजार टन गेहूं
- कुल खरीदी मूल्य : 1826 करोड़ रुपये
- अब तक किया गया भुगतान : 1495 करोड़ रुपये
- शेष बकाया भुगतान : 331 करोड़ रुपये
- खरीदी केंद्र : 240 केंद्र

अनियमितताएं मिली हैं

दुर्ग गांव के रावत वेयर हाउस में जांच के दौरान अनियमितताएं पाई गई हैं। खरीदी बंद होने के बाद भी वहां गतिविधियां संचालित हो रही थीं। पूरी जांच रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर साहब को सौंप दी गई है। आगे की कार्रवाई वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार की जाएगी।

एएल सूर्यवंशी, प्रभारी शाखा प्रबंधक, वेयर हाउस कार्पोरेशन

नोटिस जारी कर रहे हैं

रावत वेयर हाउस मामले में वीडियो वायरल होने के बाद जांच टीम द्वारा पड़ताल की है, जिसमें गड़बड़ी पाई गई है। एक-दो दिन में रावत वेयर हाउस संचालक और संबंधितों को नोटिस जारी किया जा रहा है।

आकाश चंदेल, उपार्जन अधिकारी सीहोर

दुश्मनों को अब घर में घुसकर मारता है भारत, मोदी है तो मुमकिन है : विधायक राय

हनुमान मंदिर फाटक परिसर में प्रधानमंत्री के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन

सीहोर। हनुमान फाटक मंदिर परिसर में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विधायक सुदेश राय एवं समाजसेविका अरुणा राय के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के द्वारा सुंदरकांड हनुमान चालीसा और और महाआरती का आयोजन किया गया।

संकट मोचन हनुमान जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय ने हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु और निरंतर प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल जारी रहने के लिए प्रार्थना की। कार्यकर्ताओं के मध्य विधायक सुदेश राय ने कहा कि लोकतांत्रिक इतिहास में आज एक गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे समय; 4,399 दिन तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि केवल समय की नहीं, बल्कि जन-जन के अटूट विश्वास,

अथक परिश्रम तथा राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण की मिसाल है। बीते दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, सुशासन, गरीब कल्याण, आधुनिक अवसंरचना, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक गौरव एवं वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। समाजसेविका अरुणा राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने देशवासियों में यह विश्वास जगाया है कि बड़े से बड़ा लक्ष्य भी सामूहिक संकल्प तथा दृढ़ इच्छाशक्ति से प्राप्त किया जा सकता है। आज भारत विश्व मंच पर जिस आत्मविश्वास के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है, वह दूरदर्शी सोच और निर्णायक नेतृत्व का प्रतिफल है। देशवासियों की आकांक्षाओं को नई दिशा देने वाले प्रधानमंत्री को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को विधायक सुरेश राय और समाजसेवी का अरुणा राय ने प्रसादी का वितरण किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष कार्यकाल के पूर्ण होने पर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा जिला पदाधिकारी नगर मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता और नगरीकरण उपस्थित रहे।

बिजली व्यवस्था ध्वस्त, फूंकी डीपी टूटे तार, पानी को तरसा गांव, जेई पर लापरवाही के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। एक तरफ ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर जलने और जर्जर तारों के कारण लोग अंधेरे व जल संकट से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापनों और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सामने आई शिकायतों ने जिले की विद्युत व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी है।

ग्राम थूना कला के ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि गांव की एक सरकारी डीपी पिछले तीन वर्षों से जली हुई पड़ी है। इसके बाद दूसरी डीपी से किसी तरह बिजली आपूर्ति जारी रखी गई, लेकिन वह भी करीब पंद्रह दिन पहले जल गई। हालात तब और गंभीर हो गए जब बीती रात तीसरी और अंतिम डीपी भी ओवरलोड के कारण फुंक गई। इससे आधे से अधिक गांव अंधेरे में डूब गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बंद होने से पेयजल संकट विकराल हो गया है। पानी की मोटरें बंद हैं, जिससे घरों और पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी के बीच पंखे और कूलर बंद होने से लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

250 फीट दूर से खींचे तार, हर समय हादसे का खतरा

वहीं ग्राम दुपाड़िया भील के निवासी शिव चरण प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग ने उनके परिसर तक दो बिजली पोल तो स्थापित कर दिए, लेकिन उन पर केबल नहीं डाली गई। मजबूरी में लगभग 250 फीट दूर से पुराने और जर्जर तारों के जरिए कनेक्शन चलाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार आए दिन स्पार्किंग होती है और तार टूटकर गिर जाते हैं। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। रायपुर नयाखेड़ा गाँव में पिछले दो दिनों से खेतों की बिजली गुल है और वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। पीड़ित किसान धनराज सिंह मेवाड़ा ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 'सीएम हेल्पलाइन' पर शिकायत दर्ज कराई है। किसानों ने जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्राम पंचायत दुपाड़िया भील के ग्राम तज में पिछले 4 दिनों से बिजली पूरी तरह ठप है। ग्रामीण ममता बाई ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि विद्युत आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जेई पर मुख्यालय छोड़ने और फोन बंद रखने के आरोप

बिजली संकट के बीच विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र की जूनियर इंजीनियर पूजा मुजालदा पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

कलेक्टर से कार्रवाई और समाधान की मांग

लगातार बढ़ती परेशानियों से नाराज ग्रामीणों ने अब सीधे जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापनों में जली हुई डीपी को तत्काल बदलने, जर्जर तारों की जगह नई केबल लाइन बिछाने तथा बिजली व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो गर्मी और आगामी बारिश के मौसम में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि नियमानुसार मुख्यालय पर उपलब्ध रहने के बजाय वे नियमित रूप से भोपाल चली जाती हैं। सूत्रों के अनुसार शाम छह बजे के बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो जाता है, जिससे बिजली संबंधी शिकायतों और आपातकालीन स्थितियों में लोगों को सहायता नहीं मिल पाती। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में टूटी लाइनें, बार-बार आने वाले फॉल्ट और रखरखाव की खराब स्थिति के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी उपलब्ध नहीं रहते।

शिकायतों का समाधान किया जा रहा

थूना केंद्र की जय पूजा मुजाल्दा ने स्पष्ट किया कि पुराने ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया जारी है। राठौर चौराहे वाला ट्रांसफार्मर बदला जा रहा है। सीमित संसाधनों के कारण सुधार जारी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की अधीक्षक यंत्री पूनम तुलराम में बताया कि उनके पास अभी शिकायत नहीं पहुंची है शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली चौराहे से भोपाल नाके तक 1.50 करोड़ का होगा विकास

जनभावनाओं का सम्मान : भोपाल नाका से कोतवाली चौराहे तक अब नहीं बनेगा डिवाइडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर के विकास को नई गति प्रदान करते हुए कोतवाली चौराहे से भोपाल नाके तक पोल, डिवाइडर एवं डामरीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस विकास कार्य पर लगभग 1.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगी तथा क्षेत्र की सुंदरता में भी वृद्धि होगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा जी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। सड़क, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से शहर को एक नई पहचान मिल रही है। यह कार्य आमजन की सुविधा और नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। आने वाले समय में भी नगर हित में अनेक जनकल्याणकारी एवं विकास कार्य किए जाएंगे। नगर के भोपाल नाका से कोतवाली चौराहे तक प्रस्तावित डिवाइडर

निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों द्वारा लगातार अपनी समस्याएं और आपत्तियां सामने रखी जा रही थीं। डिवाइडर निर्माण का कार्य आज भूमि पूजन होकर शीघ्र प्रारंभ होने वाला था, लेकिन जैसे ही नगर पालिका अध्यक्ष को स्थानीय लोगों की परेशानियों की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रस्तावित कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिए। क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों ने अध्यक्ष जी को अवगत कराया कि डिवाइडर बनने से छोटे व्यापारियों के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होगी तथा आमजन को आवागमन में भी कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। लोगों ने यह भी बताया कि बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां दोनों ओर से आवागमन आवश्यक है और डिवाइडर बनने से व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा। जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल डिवाइडर निर्माण कार्य को निरस्त करने का निर्णय लिया। अध्यक्ष जी ने स्पष्ट कहा कि नगर विकास के कार्य जनता की सुविधा के लिए किए जाते हैं, यदि किसी योजना से आमजन को परेशानी होती है तो उस पर पुनर्विचार करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद विकास कार्यों के साथ-साथ जनता की भावनाओं और सुझावों का भी पूरा सम्मान करती है। किसी भी योजना को लागू करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उससे आम नागरिकों, व्यापारियों और क्षेत्रवासियों को असुविधा न हो। डिवाइडर निर्माण निरस्त होने की जानकारी मिलते ही क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष की संवेदनशील कार्यशैली, सरल स्वभाव एवं जनभावनाओं के प्रति सम्मान की सराहना करते हुए कहा कि अध्यक्ष जी जनता की बात सुनते हैं और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता रखते हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने कहा कि अध्यक्ष जी ने यह साबित कर दिया है कि वे केवल विकास कार्य कराने वाले जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को समझने वाले संवेदनशील एवं मिलनसार नेतृत्वकर्ता हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विपिन शास्ता , वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप बिजोरिया पार्षद नरेंद्र राजपूत, अर्जुन राठौर, विजेंद्र परमार, कमलेश कुशवाहा, कमलेश राठौर, प्रदीप गौतम, लोकेंद्र वर्मा एवं शहर के बड़ी संख्या में गणमन नागरिक उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार डाइट संस्थान में पॉलिटेक्निक, आईटीआई और डिग्री कॉलेजों के नोडल अधिकारियों की कॉलेजों में प्रवेश संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कॉलेजों में प्रवेश की स्थिति, प्रचार प्रसार, ड्रॉप आउट की स्थिति और ड्रॉप आउट हुए बच्चों को वापस कॉलेज में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डाइट प्राचार्य अनिता बडगूजर सहित कॉलेजों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

डीएसवाय ने आरएसआई को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर हर साल की तरह इस साल भी जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को प्रतियोगिता के छठवें दिन लीग मैच आयोजित किया जा रहे हैं। दो मैच खेले गए जूनियर वर्ग में डीएसवायडब्लू विरुद्ध आरएसआई के मध्य खेला गया जिसमें यह मैच डीएसवायडब्लू 1-0 से विजय रही डीएसवायडब्लू की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया। पहला मैच काफी रोमांचक रहा। आरएसआई के खिलाड़ियों ने अनेक बार गोल करने का प्रयास किया, लेकिन डीएसवायडब्लू की रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सारे प्रयास असफल किए। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इसके अलावा शाम को सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब विरुद्ध एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-0 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने दो गोल किया।

शिकायत करने पर धमकी, 'लाभ से वंचित कर देंगे' का डर, ग्रामीणों ने आवेदन देकर लगाए आरोप

अध्यक्ष की पंचायत में हुआ 'विकास' लापता: आवास-पेंशन को तरसे ग्रामीण, शिकायत पर दबाव के आरोप

कुमानताल में 60 प्रतिशत पात्र हितग्राही वंचित होने का दावा, 108 आवास लेप्स, पंचायत भवन पर ताला, कागजों में चल रही जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कुमानताल में ग्रामीणों ने स्थानीय सरपंच-सचिव और तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से शासकीय योजनाओं के लिए आवेदन करने के बावजूद उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा है। सबसे अधिक शिकायत प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सामने आई है, जिसमें पात्र परिवारों को आज तक पक्के मकान नसीब नहीं हुए।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2018 में आवास योजना की सर्वे सूची तैयार हुई थी, 108 लोगों के नाम से आवास स्वीकृत हुए थे, लेकिन अभी भी सभी हितग्राही इससे वंचित हैं। आरोप है कि पात्र गरीब परिवारों को नजरअंदाज कर अपेक्षाकृत सक्षम लोगों को लाभ दिया गया, जबकि बाकी लोगों को आवास लेप्स हो गया कहकर टाल दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे बार-बार पंचायत कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार आज-कल।कहकर टाल दिया जाता है।

विस्थापित परिवार भी उपेक्षित

ग्रामीण शैलेन्द्र सोलंकी ने भावुक होकर बताया कि वे इंदिरा सागर बांध के डूब क्षेत्र से विस्थापित होकर वर्ष 2002 में यहां आए थे। तब से अब तक न तो उन्हें आवास योजना का लाभ मिला और न ही शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा। उन्होंने पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक शिकायत की, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सीहोर। ग्राम पंचायत कुमानताल के ग्रामीणों ने सुनाई अपनी आप बीती

शिकायत करने पर धमकी, 'लाभ से वंचित कर देंगे' का डर

ग्रामीण गोविंद सिंह ने आरोप लगाया कि उनके बेटे ने सीएम हेल्पलाइन पर आवास को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद गांव के कुछ लोगों ने उन पर दबाव बनाया। उनका कहना है कि सरपंच-सचिव की ओर से भी अप्रत्यक्ष रूप से धमकी दी गई कि यदि शिकायत वापस नहीं ली तो उन्हें भविष्य में किसी भी शासकीय योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इस तरह के आरोपों ने पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पंचायत भवन पर ताला, जनसुनवाई कागजों में

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन अधिकांश समय बंद रहता है। उनका आरोप है कि सालभर में केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी को ही भवन खुलता है। जनसुनवाई और ग्रामसभा भी केवल कागजों में पूरी कर ली जाती है। किसी भी ग्रामीण को बैठक की सूचना नहीं दी जाती, जिससे लोगों की समस्याएं अनसुनी रह जाती हैं।

तालाब सौंदर्यकरण में अनियमितता का आरोप

ग्राम निवासी विकास सिप्रा ने आरोप लगाया कि शासकीय तालाब के सौंदर्यकरण के नाम पर लाखों रुपये निकाले गए, लेकिन कार्य अधूरा है। उन्होंने दावा किया कि तालाब से मिट्टी और मुरम ग्रामीणों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से निकालकर ले जाई गई, जबकि कागजों में पूर्ण कार्य दर्शाया गया है।

3 माह से पेंशन बंद, बुजुर्गों की मुश्किलें बढ़ीं

ग्राम के कई बुजुर्गों ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले तीन महीने से पेंशन नहीं मिली है। एक बुजुर्ग दंपत्ति ने बताया कि वे जब सरपंच-सचिव के पास जाते हैं तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि ऊपर से राशि नहीं आई है। इससे उनके दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।

जिम्मेदारों का पक्ष

ग्राम पंचायत सचिव गोलू बैरागी ने बताया कि वे हाल ही में पदस्थ हुए हैं और पूर्व के कार्यों की जानकारी संकलित कर रहे हैं। आवास योजना से जुड़े मामले पूर्व सचिव संतोष विश्वकर्मा के कार्यकाल के हैं।

जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल के अनुसार 2018 के सर्वे में कई नाम तकनीकी कारणों से सूची से हट गए थे, जिन्हें नए सर्वे में पुनः जोड़ा गया है और पात्र लोगों को जल्द लाभ मिलेगा। वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू अवध पटेल ने कहा कि सभी 108 नाम फिर से शामिल कर लिए गए हैं और शीघ्र ही हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ मिलेगा।

डोभा में विकास, कुमानताल में उपेक्षा?

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि डोभा गांव, जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष का निवास है, वहां सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और अन्य कार्य तेजी से किए गए हैं। वहीं कुमानताल में विकास कार्य नाम मात्र के हैं। इससे पंचायत में भेदभाव की आशंका जताई जा रही है।

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को विधायक राय ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संवेदनशील विधायक सुदेश राय सेवा कर में तत्पर रहते हैं। विधानसभा क्षेत्र में सड़क से गुजरते समय विधायक सुरेश राय को सड़क पर एक व्यक्ति घायल पड़ा हुआ दिखाई दिया। तत्काल विधायक राय ने अपने ड्राइवर को गाड़ी रोकने के लिए निर्देशित किया। दुर्घटना में घायल युवक को विधायक सुदेश राय ने अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना में घायल युवक को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निदेश डॉक्टरो को दिए। सड़क दुर्घटना में घायल युवक को हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया । बताया जाता है कि गंभीर रूप से घायल अवस्था में युवक की मदद विधायक राय ने देवदूत के रूप में पहुंच कर अचानक की थी। विधायक ने युवक की जान बचा ली। घायल युवक के परिजनों ने विधायक सुदेश राय का हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस मानवीय पहल ने एक बार फिर साबित किया कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों के साथ खड़े रहना भी होता है। इधर विधायक सुदेश राय ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि सड़क दुर्घटना या किसी भी आपात स्थिति में जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता अवश्य करें। आपकी तत्परता किसी का जीवन बचा सकती है।

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी हैं : राजस्व मंत्री

सीहोर। इछावर के भाऊखेड़ी मनरेगा पार्क में पौधरोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने पौधारोपण किया और झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता दोनों ही समाज की सामूहिक जिम्मेदारी हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य भी प्रदान करते हैं। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बननी चाहिए।

शिविरों में की गई 1759 गर्भवती महिलाओं की जांच, 619 महिलाएं पाई हाई रिस्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल सहित जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रसव पूर्व जांच विशेष शिविर आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि जिलेभर में आयोजित शिविरों में 1759 महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 619 महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। शिविरों में सभी गर्भवती महिलाओं की जाँच तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर एएनसी, पीएनसी जांच और उपचार प्रदान किया गया। इसके साथ ही जिन गर्भवती महिलाओं का पंजीयन नहीं हुआ है उनका पंजीयन भी किया गया।

जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में अरूणा राय, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव, डॉ. पुष्पा कन्नोजिया, डॉ. संध्या राजगीर और संजुलता भार्गव शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, संभावित जटिलताओं की समय रहते पहचान करना तथा सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना है।

43 डिग्री में सीमांकन-गिरदावरी जारी, 650 में से 550 प्रकरण निपटाए

भैरुंदा। भीषण गर्मी और 42–43 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच जहां आमजन दोपहर में घरों में रहने को मजबूर हैं, वहीं भैरुंदा तहसील में राजस्व विभाग का अमला खेतों में डटा हुआ है। बरसात से पहले जमीन से जुड़े विवादों के समाधान और बुवाई की तैयारी को देखते हुए सीमांकन (डिमार्केशन) और गिरदावरी का काम तेजी से किया जा रहा है। किसानों की बढ़ती मांग के चलते यह अभियान इन दिनों प्राथमिकता पर है।

तहसील कार्यालय के अनुसार अब तक करीब 650 सीमांकन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 550 प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है। शेष मामलों में भी तेजी से काम जारी है, ताकि मानसून से पहले अधिकतम किसानों को राहत मिल सके। अधिकारियों के निर्देश पर पटवारी और राजस्व निरीक्षक लगातार फील्ड में पहुंचकर कार्य कर रहे हैं।

धूप, उमस और जोखिम के बीच काम: राजस्व अमले को इस दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच खेतों में घंटों खड़े रहकर नापजोख करना आसान नहीं है। कई स्थानों पर कंटीली झाड़ियां, ऊबड़-खाबड़ मेड़ और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। बावजूद इसके कर्मचारी जरीब और आधुनिक उपकरणों की मदद से सीमांकन कार्य पूरा कर रहे हैं।

विवाद सुलझाने में भी निभा रहे भूमिका: सीमांकन के दौरान कई बार पड़ोसी किसानों के बीच जमीन को लेकर विवाद की स्थिति बन जाती है। ऐसे में मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारी न सिर्फ तकनीकी कार्य करते हैं, बल्कि आपसी सहमति बनवाते हुए निष्पक्ष सीमांकन सुनिश्चित करते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-बड़े विवादों का मौके पर ही समाधान हो रहा है।

तकनीक से बढ़ी गति और सटीकता: अब सीमांकन कार्य में पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ETS (इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन) मशीन से कम समय में अधिक सटीक माप संभव हो पा रहा है। कुछ स्थानों पर GPS तकनीक के उपयोग से भी कार्य को पारदर्शी बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। सीमांकन के साथ ही खेतों में फसलों की स्थिति दर्ज करने के लिए गिरदावरी का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। राजस्व अमला दोनों कार्यों को समानांतर रूप से पूरा करने में जुटा है, जिससे किसानों को अलग-अलग समय पर परेशान न होना पड़े।

किसानों को राहत, प्रशासन की बढ़ी साख

समय पर सीमांकन और गिरदावरी होने से किसानों को बुवाई की तैयारी में सहूलियत मिल रही है। साथ ही जमीन संबंधी विवादों में भी कमी आने की उम्मीद है। तपती गर्मी के बीच फील्ड में सक्रिय राजस्व अमले की कार्यशैली प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शा रही है। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और पटवारी सीमांकन व गिरदावरी का कार्य तेजी से कर रहे हैं। प्रयास है कि निर्धारित समय से पहले ही सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण कर लिया जाए।

विश्व ज्योति कॉन्वेंट स्कूल पर नपं का 11 लाख 62 हजार से अधिक टैक्स बकाया, 4 बार नोटिस देने के बाद भी प्रबंधन नहीं दे रहा ध्यान

16 वर्ष से स्कूल प्रबंधन नहीं भर रहा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में संचालित हो रहे प्राइवेट स्कूलों में अधिकतर ने पिछले कई सालों से प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराया है। ऐसे में अब इनका टैक्स लाखों में पहुंच गया है। नपं द्वारा कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद वह टैक्स नहीं भर रहे हैं। बड़े स्कूलों में शुमार विश्व ज्योति कांवेंट स्कूल पर तो नपं का 11 लाख 65 हजार से अधिक का टैक्स बकाया है। स्कूल प्रबंधन ने पिछले 16 वर्षों से टैक्स नहीं भरा है। इस दौरान नगर परिषद द्वारा रिकवरी के लिए कई बार नोटिस भेजे जा चुके हैं , लेकिन प्रबंधन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।

विश्व ज्योति कांवेंट स्कूल ने वर्ष 2010 से नगर परिषद का टैक्स जमा नहीं कराया है। प्रतिवर्ष लगने वाला 1 लाख 93 हजार 468 रुपए का टैक्स 31 अप्रैल 2026 तक 1162448 रुपए हो गये है। रिकवरी के लिए नगर परिषद 4 बार स्कूल प्रबंधन को नोटिस भेज चुका है। जिसमें निर्धारित समय सीमा में टैक्स जमा नहीं कराने पर वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई, लेकिन प्रबंधन ने अभी तक टैक्स जमा नहीं कराया है। नप सीएमओ इछावर धरमराज यादव ने बताया कि नगर में संचालित होने वाले विश्व ज्योति कॉन्वेंट स्कूल पर करीब 12 लाख रुपए टैक्स का बकाया कही बार नोटिस दिए गए है लेकिन अभी तक जमा नहीं किया है।

इस संबंध में कार्रवाई के लिए राजस्व उप निरीक्षक को अपनी टीम के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



बोवनी के लिए नहीं मिल पा रहा है क्षेत्र में किसानों को खाद

ई-टोकन व्यवस्था में हो रही परेशानी से कांग्रेसजनों ने कलेक्टर को कराया अवगत, सौंपा मांग का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में खाद वितरण के लिए ई- टोकन व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी को लेकर जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती एवं पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि जिले में खाद वितरण के लिए ई- टोकन व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। खाद के टोकन के लिए पहले ऑनलाइन कियोस्क पर घंटों लाइन लगाने के बाद जब टोकन हाथ आता है तो खाद वितरण केन्द्र पर अव्यवस्थाओं के चलते खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। अनेकों बार सर्वर डाउन होने के कारण ओटीपी नहीं आती है जिससे किसानों की परेशानी बढ़ रही है। इन सब समस्याओं के चलते किसानों को खाद नही मिल पा रही है।

ई-टोकन चालान कतारों में लगाकर किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

ऑनलाइन टोकन लेने में 50 रूपये खर्च आता है और यह चालान सिर्फ 3 दिन तक मान्य रहता है इसके बाद वह खत्म हो जाता है फिर दोबारा से आवेदन करना होता है। 50 रुपए दोबारा ऑनलाइन सेंटर वाले को देना पड़ेगा कभी सर्वर डाउन तो कभी चालान की डेट निकल जाती है। कभी ओटीपी की समस्या और केंद्र पर कर्मचारी समय पर नही आते। ऐसे में किसानों को दो से तीन दिन में खाद मिल पा रही है। जिले भर के किसान मानसून आने के पहले खरीफ की बोवनी के लिए खेत तैयार करने में लग गए हैं। पहली बारिश के साथ ही किसान खेतो में सोयाबीन एवं भक्का फसलों की बोवनी करेंगे। फसलों की बोवनी के लिए खाद की जरूरत होगी लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। मांग की गई है कि कि उक्त परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल समाधान किया जावे। इस मौके पर घनश्याम मीणा, के.के. रिछारिया, तनिष्क त्यागी, अनुभव सेन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद् कोठरी, जिला सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष क्र. 07560-254150/9617182434 E-MAIL ID. CMOKOTHRI@MPURBAN.GOV.IN

क्रमांक/556/ नि.शा./2026 -:: द्वितीय ::- कोठरी दिनांक 03.06.2026

-:: ई-निविदा सूचना ::-

एतद् द्वारा समस्त लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी जिला सीहोर म.प्र. द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है।

स. क्र.	ई-निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अनुमानित लागत (लॉख में)	समयावधि
1.	2026_UAD_512446_1	ANNUAL TENDER PROCUREMENT OF MURAM CHURI FY2025-26 AT NAGAR PARISHAD KOTHRI	10000.00	2000.00	980000.00	12 माह

नोटः-प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबधित समस्त शर्ते एवं जानकारी ऑनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से एवं विस्तृत जानकारी न.प. कोठरी लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष नगर परिषद कोठरी | मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद जिला कोठरी | उपयंत्री नगर परिषद कोठरी

वार्डवासियों का फूटा गुस्सा, नगर परिषद का किया घेराव

तीन माह से अधूरी सड़क बनी मुसीबत, चार दिन में काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर के वार्ड क्रमांक 5 तात्या टोपे हरिजन वार्ड में पिछले तीन माह से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य अब जनआक्रोश का कारण बन गया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में वार्डवासी नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और सड़क एवं नाली निर्माण में हो रही देरी को लेकर परिषद प्रशासन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। रहवासियों ने बताया कि गणेश मंदिर मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए घरों के सामने बनी सीढ़ियां और नालियां तोड़ दी गई थीं, लेकिन इसके बाद से निर्माण कार्य बंद पड़ा है। इससे गंदा पानी घरों में प्रवेश कर रहा है और बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। अधूरी सड़क और टूटी नालियां स्थानीय लोगों के लिए रोजाना परेशानी का सबब बनी हुई हैं। स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इसी मार्ग पर एक निजी विद्यालय संचालित है, जहां लगभग दो से ढाई हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रतिदिन सैकड़ों बच्चों और अभिभावकों का इसी रास्ते से आवागमन होता है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

चार दिन का अल्टीमेटम

प्रदर्शन के दौरान वार्डवासियों ने नगर परिषद को चार दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो जिला कलेक्टर को शिकायत की जाएगी। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर बस स्टैंड क्षेत्र में चक्काजाम और नगर परिषद कार्यालय के सामने भूख हड़ताल की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी परिषद प्रशासन की होगी।

सड़क की चौड़ाई बढ़ी, लंबाई घटी

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार वार्ड क्रमांक 5 एवं 9 को जोड़ने वाले मार्ग का मूल प्रस्ताव लगभग 600 मीटर लंबाई एवं 6 मीटर चौड़ाई का था, जिसकी लागत 94 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। आरोप है कि बाद में जनप्रतिनिधियों की पहल पर सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर लगभग 7.50 मीटर कर दी गई, जिससे मार्ग की कुल लंबाई घटकर करीब 460 मीटर रह गई। इसके परिणामस्वरूप वार्ड क्रमांक 5 का एक हिस्सा सड़क निर्माण से वंचित रह गया। स्थानीय लोगों का सवाल है कि बढ़ी हुई चौड़ाई का लाभ किन क्षेत्रों को मिला और अधूरी सड़क की समस्या का समाधान नगर परिषद किस प्रकार करेगी। रहवासियों का यह भी कहना है कि संबंधित जनप्रतिनिधि नियमित रूप से मार्ग का निरीक्षण करते रहे, इसके बावजूद निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया।

अनुसूचित जाति बहुल वार्ड की उपेक्षा का आरोप

पार्षद प्रतिनिधि मोहन वर्मा ने आरोप लगाया कि वार्ड क्रमांक 5 अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र होने के कारण विकास कार्यों में भेदभाव का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे वर्षों से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं, बावजूद इसके उनके वार्ड की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि चार दिन के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नगर परिषद कार्यालय के सामने भूख हड़ताल की जाएगी।

परिषद ने दिया जल्द निर्माण का भरोसा

प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन ने बताया कि तकनीकी स्वीकृति (टीएस) में आवश्यक संशोधन करवाकर निर्माण कार्य दोबारा प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वार्डवासियों की समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रदर्शन में वार्ड पार्षद कुंती नवल किशोर वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि मोहन वर्मा, रोशन भाई, रमेश विश्वकर्मा, रफीक भाई, रामदयाल सेन, रोशन पंजाबी, यूसुफ भाई, ज्योति वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। फिलहाल तीन माह से अधूरी सड़क और टूटी नालियों से परेशान वार्ड क्रमांक 5 के रहवासियों की निगाहें अब नगर परिषद के आश्वासन पर टिकी हुई हैं। यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो यह मामला बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रजापति समाज ने थाने का घेराव कर युवक की मौत मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के थावरिया वार्ड निवासी युवक विशाल कुंभकार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में प्रजापति समाज ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सोमवार को पुलिस थाने का घेराव किया। बड़ी संख्या में समाजजन थाने पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन पुलिस प्रशासन को सौंपते हुए मामले की गहन जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विशाल कुंभकार ने 5 जून को कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। समाज के लोगों का कहना है कि घटना के पीछे के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवक ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया। समाज ने मांग की है कि जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति या परिस्थिति जिम्मेदार पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो होगा आंदोलन

प्रजापति समाज प्रदेश अध्यक्ष आर.एस. कुंभकार ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाज एकजुट है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो समाज द्वारा ब्यावरा-भोपाल फोरलेन पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से जांच की प्रगति से अवगत कराने की भी मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे और युवक की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।

लगातार बिगड़ता जा रहा ऐतिहासिक धरोहरों का स्वरूप

पुरातत्व विभाग की अनदेखी के कारण खंडहर में तब्दील हो रहे प्राचीन स्मारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरें पुरातत्व विभाग की लापरवाही और अनदेखी के चलते धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही हैं। मध्य प्रदेश पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग द्वारा इन प्राचीन स्मारकों के संरक्षण की जिम्मेदारी तो निभाई जा रही है, लेकिन यह जिम्मेदारी केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है।

सारंगपुर के ऐतिहासिक स्मारक, जिनमें क्षनयारी-पनियारी की गुमच, 18 खंबे तथा रानी रूपमती का मकबरा प्रमुख हैं, आज जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। रानी रूपमती के मकबरे के आसपास सौंदर्यीकरण के लिए कई योजनाएं और प्रयास किए गए, लेकिन अधिकांश कार्य धरातल पर प्रभावी नजर नहीं आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण इन स्मारकों का स्वरूप लगातार बिगड़ता जा रहा है। वहीं, स्मारकों से जुड़ी भूमि पर अवैध कब्जे, खुदाई और मूल स्वरूप में परिवर्तन जैसी गतिविधियां भी बिना रोक-टोक जारी हैं। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय पर निरीक्षण और कार्रवाई नहीं किए जाने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। गौरतलब है कि इन ऐतिहासिक धरोहरों को देखने के लिए दूर-दराज से पर्यटक और इतिहास प्रेमी आते हैं। इन स्मारकों से जुड़ी लोक कथाएं और ऐतिहासिक महत्व क्षेत्र की पहचान हैं। यदि समय रहते इनके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में ये धरोहरें केवल इतिहास के पन्नों तक ही सीमित रह जाएंगी और धरातल पर इनका नामोनिशान तक मिट सकता है। क्षेत्रवासियों ने पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग से मांग की है कि प्राचीन स्मारकों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण हटाने के लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह ऐतिहासिक विरासत सुरक्षित रह सकें।

जल्द शुरू होगा कार्य

पुरातत्व की इमारतों का कार्य जल्द ही शुरू करवाया जाएगा।

हुकमचंद मलिक
संग्रहालय अध्यक्ष राजगढ़

आप पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न संगठन विस्तार पर जोर

सारंगपुर। आम आदमी पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक मंगलवार को प्रदेश उपाध्यक्ष (ट्रेड विंग) अश्वेंद्र छाबड़ा के निवास पर उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली के पूर्व विधायक एवं मध्य प्रदेश सह-प्रभारी जगदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। बैठक को संबोधित करते हुए जगदीप सिंह ने संगठन निर्माण, सदस्यता अभियान और घर-घर जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से दिल्ली और पंजाब के विकास मॉडल को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वेंद्र छाबड़ा ने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं, व्यापारियों की परेशानियों और बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। इस दौरान 15 नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में जिला संगठन मंत्री रमेश चंद्र पुष्पद, डॉ. कमल सिंह, डॉ. प्रेम सर सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमल सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन पूर्व जिला उपाध्यक्ष भारत सिंह नागर ने किया।

पीसीसी अध्यक्ष पटवारी से संगठन की मजबूती को लेकर मिला प्रतिनिधि मंडल

सारंगपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से सोमवार को सारंगपुर विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व में विशेष भेंट की। इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और आगामी संगठनात्मक रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जीतू पटवारी को सारंगपुर क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, बिजली-पानी के संकट और स्थानीय प्रशासनिक उदासीनता से अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हो रही है, जिसे लेकर कांग्रेस सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ने को तैयार है। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं की बातें गंभीरता से सुनीं और उन्हें एकजुट होकर जनता के हक के लिए संघर्ष करने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन, महेश खाती, दिनेश पुरी गोस्वामी, सुनील वर्मा, हेमराज भिलाला, सुनील बाफना सहित अन्य लोग मौजूद थे।

गले में आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में पहुंचा ग्रामीण, 4 साल से चोरी की एफआईआर की गुहार

गुना। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में उस समय अनोखा दृश्य देखने को मिला जब एक ग्रामीण अपने गले में सैकड़ों आवेदनों की माला पहनकर पहुंच गया। यह व्यक्ति वर्षों से लंबित अपनी शिकायतों के समाधान की मांग कर रहा था।कैंट थाना क्षेत्र निवासी कमलसिंह यादव ने बताया कि 1 जनवरी 2022 को उनके घर चोरी की घटना हुई थी, जिसमें लगभग दो लाख रुपए नकद और जेवरात चोरी हो गए थे। इसके बावजूद चार वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा न तो मामले में एफआईआर दर्ज की गई और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने इस मामले में एसपी, कलेक्टर, सीएम हेल्पलाइन, आईजी सहित कई स्तरों पर सैकड़ों बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन आज तक न्याय नहीं मिल सका। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया।

विप्र उत्थान समिति के दो दिवसीय विशेष आधार महाशिविर का समापन, डाक कर्मियों का किया गया सम्मान

गुना। विप्र उत्थान समिति द्वारा भारतीय डाक विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय विशेष आधार महाशिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। ब्राह्मण धर्मशाला, नजूल कॉलोनी में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने आधार नामांकन एवं अद्यतन सेवाओं का लाभ उठाया। अधीक्षक डाकघर गुना ओ.पी. चतुर्वेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुना एवं अशोकनगर जिले के 12 आधार केंद्रों के साथ-साथ इस विशेष शिविर का आयोजन "डाक सेवा, जन सेवा" के उद्देश्य से किया गया। शिविर में आधार नामांकन एवं अपडेट के साथ-साथ डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं और डाक जीवन बीमा योजनाओं की जानकारी भी आमजन को प्रदान की गई।उन्होंने कहा कि भारतीय डाक विभाग केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सके।श्री चतुर्वेदी ने जिले की सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की कि यदि वे अपने परिसर में आमजन के हित में आधार शिविर आयोजित कराना चाहती हैं तो अधीक्षक डाकघर, गुना कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं।शिविर के समापन अवसर पर विप्र उत्थान समिति के अध्यक्ष अवधेश शर्मा सहित ओ.पी. शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, रामजीवन भार्गव, राजकमल शर्मा एवं संजीव शर्मा ने डाक विभाग की टीम के सदस्य सचेन्द्र तिवारी, गजेन्द्र टांडेल, मदन मोहन तथा अभिषेक अहिरवार का सम्मान किया।कार्यक्रम के अंत में ओ.पी. चतुर्वेदी ने शिविर में सेवाएं देने वाले सभी डाक कर्मियों ब्राह्मण समाज के सदस्यों व प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए जनसेवा के प्रयासों को जारी रखने की बात कही।

सफलता की कहानी: 12वीं का परिणाम 95.30 प्रतिशत रहा

उत्कृष्ट शिक्षा और नवाचार से सांदीपनि विद्यालय जीरापुर बना प्रेरक मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि जीरापुर स्थित सांदीपनि विद्यालय आज प्रदेश के अग्रणी शासकीय विद्यालयों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। मॉडल स्कूल के रूप में प्रारंभ हुई यह संस्था आज सफलता, उत्कृष्टता और नवाचार की प्रेरक मिसाल बन गई है। वर्ष 2011 में स्थापित विद्यालय को वर्ष 2022 में सीएम राइज विद्यालय के रूप में विकसित किया गया। आधुनिक अधोसंरचना, स्मार्ट कक्षाएं, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था ने विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। विद्यालय की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2022 में प्रवेश के लिए उपलब्ध 235 सीटों के लिए लगभग 5230 आवेदन प्राप्त हुए। पारदर्शी लॉटरी प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिसने विद्यालय की प्रतिष्ठा को और अधिक मजबूत किया।

उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से बढ़ी विद्यालय की लोकप्रियता

इस वर्ष जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर क्षेत्र में लोकप्रियता अपने आप बढ़ गई है। विद्यालय में जहां पूर्व में लगभग 260 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, वहीं वर्तमान में छात्र संख्या बढ़कर 736 तक पहुंच गई है। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के साथ-साथ शैक्षणिक उपलब्धियों में भी निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 95.30 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं का परिणाम 92.20 प्रतिशत रहा। वहीं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षामें विद्यालय के 39 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जो विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत, बल्कि शिक्षकों के समर्पण और प्रभावी शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है।विद्यालय के विद्यार्थियों ने खेल, विज्ञान, गणित, ओलम्पियाड एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला एवं प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नियमित प्रशिक्षण, अनुशासित वातावरण और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में भी सफलता दिलाई है।

शिक्षकों को मिला सिंगापुर यात्रा पर जाने का मौका

विद्यालय की उपलब्धियों को देखते हुए प्राचार्य एवं शिक्षकों को सिंगापुर में आयोजित शैक्षिक गुणवत्ता सुधार अध्ययन यात्रा में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान प्राप्त अनुभवों और नवाचारों को विद्यालय में लागू कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाया गया।सांदीपनि विद्यालय, जीरापुर की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि संस्थागत नेतृत्व, शिक्षक और विद्यार्थी एक साझा लक्ष्य के साथ कार्य करें तो शासकीय विद्यालय भी उत्कृष्टता के नए प्रतिमान स्थापित कर सकते हैं। आज यह विद्यालय जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। सांदीपनि विद्यालय की सफलता यह संदेश देती है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समर्पित प्रयास और नवाचार के माध्यम से सरकारी विद्यालय भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट पहचान स्थापित कर सकते हैं।

नियमितीकरण सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया दीप यज्ञ

गुना। नियमितीकरण सहित अपनी विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत चल रही हड़ताल के आठवें दिन गुना में कर्मचारियों ने वेदमाता गायत्री के समक्ष फूलमाला अर्पित कर दीप यज्ञ किया तथा शासन-प्रशासन के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया।राजेश भार्गव ने बताया कि प्रदेश के लगभग 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में गुना जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने गायत्री माता की पूजा-अर्चना कर अपनी मांगों के समर्थन में सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा।संघ की प्रमुख मांगों में एनपीएस सुविधा, बीमा लाभ, अन्य राज्यों की तर्ज पर 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, नियमित कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता, समान अवकाश, समान कार्य के लिए समान वेतन, नियमितीकरण, पीबीआई मर्ज करने तथा अप्रेजल आधारित व्यवस्था को समाप्त करने की मांग शामिल है।आंदोलनकारियों ने दीप यज्ञ के माध्यम से शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान होने तथा संविदा कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र समाधान किए जाने की प्रार्थना की। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों से सेवाएं देने के बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है।कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

लूशन के बगीचे के पीछे हालात जस के तस, बारिश के समय फिर से घरों में घुस सकता है पानी, लोगों ने समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

लूशन के बगीचे के पीछे से निकलने वाली गुनिया नदी की सफाई को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। इलाके के लोग सीधे कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के पास पहुंचे और साफ कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बारिश में फिर वही हालात बनेंगे, घरों में पानी घुसेगा और भारी नुकसान होगा।रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा नदी की सफाई का काम तो दिख रहा है, लेकिन असली समस्या वाले हिस्से-लूशन के बगीचे के पीछे-को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है।

लोगों का कहना है कि यही वो जगह है जहां पानी रुकता है और बारिश में पूरा इलाका जलभराव की चपेट में आ जाता है।लोगों ने याद दिलाया कि हाल ही में आई बाढ़ जैसी स्थिति में कई घरों में पानी भर गया था और सामान तक खराब हो गया था, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। इस वजह से लोगों में डर और गुस्सा दोनों बढ़ गया है।रहवासियों ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही संवेदनशील हिस्से की सफाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति फिर बिगड़ सकती है। लोगों ने कहा कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, मौके पर ठोस काम चाहिए, वरना हर बारिश में यही संकट दोहराया जाएगा।

खबर संक्षेप

प्रतीक का पीजी डिप्लोमा के लिए हुआ चयन

अहमदपुर - दोराहा। अहमदपुर के युवा प्रतिभाशाली छात्र प्रतीत चांडक का चयन देश के प्रतिष्ठित मीडिया शिक्षण संस्थान में पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु हुआ है। उनके चयन से परिवार, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। प्रतीत चांडक अहमदपुर क्षेत्र के उन चुनिंदा युवाओं में शामिल हो गए हैं जिन्हें उच्च शिक्षा के लिए मीडिया संस्थान में अध्ययन का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने अपनी स्नातक शिक्षा एमसीयू से प्राप्त की है। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर चयन आईआईएमसी नई दिल्ली में हुआ है। प्रतीत वर्तमान में भोपाल में जनसंचार विषय की पढ़ाई कर रहे थे। वे अपने प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल, समाचार लेखन तथा रचनात्मक लेखनी के लिए जाने जाते हैं। छात्र जीवन के दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं मीडिया गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। प्रतीत के पिता दिनेश चांडक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उनका सपना था कि उनका पुत्र दिल्ली में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त करे। आज देश के अग्रणी मीडिया संस्थान में प्रवेश मिलने से उनका यह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय परिवार के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा प्रतीत की मेहनत को दिया। प्रतीत को इस उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

डाक बुकिंग कार्य के लिए उम्मीदवार कर सकते हैं आवेदन

सीहोर। सीहोर डाक संभाग अंतर्गत स्पीड पोस्ट/पार्सल डाक बुकिंग कार्य हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों के नवीन फ्रेंचाईजी आउटलेट हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। फ्रेंचाइजी आउटलेट लेने हेतु इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर कसते हैं, साथ ही निर्धारित प्रारूप एनेक्सर-बी में अपना आवेदन संभागीय कार्यालय डाकघर सीहोर में दिनांक 15 जूर्न 2026 तक अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बैठक में दिए निर्देश

जल ही जीवन है और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों को बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी: विधायक

जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अपने-अपने वार्डों में जनता को इस अभियान से जोड़ें स्वच्छता समितियां बनाकर लोगों को जल सहेजने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मौजूद रहे। इस दौरान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के वर्षों को रेखांकित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर मंथन हुआ। यह आवश्यक बैठक विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता तथा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, शेख रईस, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, विशाल चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में उपस्थितजनों ने वार्ड क्रमांक 4 के वरिष्ठ पार्षद एवं कांग्रेस नेता हिफज्जुर्रहमान भैया मियां के आकस्मिक निधन होने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गढ़े विकास के नए कीर्तिमान

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न गरीब कल्याण योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और हर घर नल-जल योजना ने समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन को बदला है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका के अधिकारियों से आव्हान किया कि वे सुनिश्चित करें कि इन सभी योजनाओं का लाभ नगर के प्रत्येक पात्र नागरिक तक शत-प्रतिशत पहुंचे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सबसे सफल एवं लंबे कार्यकाल तक देश के नागरिकों की सेवा किए जाने पर दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए बधाई शुभकामनाएं भी दी। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि जल ही जीवन है और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों को बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नपा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर और आस-पास के सभी पारंपरिक जल स्रोतों, जैसे कुएं, बावड़ियों, तालाबों और नदियों की युद्ध स्तर पर सफाई कराई जाए। जहां आवश्यकता हो वहां मशीनों के जरिए गहरीकरण का कार्य भी तत्काल शुरू किया जाए।

जनभागीदारी पर विशेष जोर

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में जनता को इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कोई भी अभियान तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसमें आम जनता की सहभागिता न हो। वार्ड स्तर पर स्वच्छता समितियां बनाकर लोगों को जल सहेजने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए। जल स्रोतों के आस-पास यदि किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण है, तो उसे तुरंत चिन्हित कर हटाया जाए। वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए जल स्रोतों के किनारों पर व्यापक पैमाने पर पौधारोपण की योजना बनाई जाए, जिससे भूजल स्तर में सुधार हो सके। सभी निर्माण और सफाई कार्यों के लिए एक निश्चित समय-सीमा डेडलाइन तय की जाए और संबंधित अधिकारी नियमित रूप से इसका निरीक्षण करें। श्री मेवाड़ा ने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने घर, आंगन में एक पेड़ अवश्य लगाए और उसे अपने बच्चों की भांति संरक्षण देकर बड़ा करें।

अभियान के अंतर्गत होंगे अनेक कार्य

जनप्रतिनिधियों के निर्देशों को पूर्ण करने का आश्वासन देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि निकाय को 2000 पौधों का लक्ष्य दिया गया है जो पीएम आवास कॉलोनी पार्क में, नवीन नगरपालिका कार्यालय परिसर, मुखर्जी मैदान, सुभाष मैदान, काला तालाब, कमल खेड़ापति तालाब पर रोपे जाना है। वहीं शंकर मंदिर बावड़ी, खेड़ापति तालाब हनुमान मंदिर कुआं, रेस्ट हाउस स्थित कुआं, सिकंदर बाजार रोड़ कुंडी की सफाई होना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम मरम्मत एवं नवनिर्मित करना, खेड़ापति तालाब तथा पार्वती घाट पीचिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य, संगम घाट का सौंदर्यीकरण एवं पिचिंग कार्य, घाट निर्माण, काला तालाब पीचिंग कार्य होना जल गंगा संवर्धन योजना में शामिल किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान को पूरी पारदर्शिता और गति के साथ पूरा किया जाएगा।

खरीफ पूर्व सोयाबीन फसल पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित

आष्टा। भारतीय किसान संघ जिला सीहोर औश्र आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में कृषि महाविद्यालय सीहोर में खरीफ पूर्व सोयाबीन फसल पर कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पधारे भारतीय किसान संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, आरएके कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिष्ठाता डॉक्टर तोमर साहब और जिले के अन्य पदाधिकारीयों ने मिलकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। जिसमें वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा फसल प्रबंधन कीट प्रबंधन बीज प्रबंधन रोग प्रबंधन खाद प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। किसानों की आय बढ़ाने के लिए उच्च और गुणवत्तापूर्ण पैदावार बढ़ाने व उत्पादन बढ़ाकर प्रोसेसिंग कर किसानों की आय बढ़ाने सुझाव प्रदान किए। जिससे निश्चित ही किसान संघ के कार्यकर्ताओं के माध्यम से जिले के विभिन्न किसानों को वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा और अपने उत्पादन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपना कर लागत कम और उत्पादन अधिक हो इस प्रकार का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के प्रांत संभाग जिला एवं तहसील के कार्यकर्ता एवं आर ऐ के कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

अहमदपुर थाने पहुंचीं पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना पुलिसिंग और यातायात व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

सीहोर जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीहोर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने मंगलवार को अहमदपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के रिकॉर्ड, रखरखाव और कानून व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही पैदल मार्च कर यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। मंगलवार को सीहोर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना अहमदपुर थाने पहुंचीं, जहां उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान थाना रिकॉर्ड, दस्तावेजों के संधारण, मालखाने और अन्य व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में पैदल मार्च कर यातायात व्यवस्था और पुलिसिंग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आमजन के साथ बेहतर व्यवहार तथा कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाने में रखे पुराने रिकॉर्ड के रखरखाव और उनके व्यवस्थित संधारण को लेकर चर्चा की गई है। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के इस निरीक्षण का उद्देश्य थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाना है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान एसडीओ की पूजा शर्मा थाना प्रभारी रमन सिंह ठाकुर एस आई पुष्पेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में अहमदपुर थाने का पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में किया सामूहिक सुंदरकांड पाठ, देर रात्रि तक भक्तिमय वातावरण में लीन रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय नगर के प्रसिद्ध एवं आस्था के केन्द्र प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में गत रात्रि बड़ा मंगलवार पर आयोजित भव्य सामूहिक सुंदरकांड पाठ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।भक्तिमय माहौल में डूबा मंदिर परिसर - आयोजन की शुरुआत हनुमान जी महाराज के विशेष श्रृंगार, पूजन और महाआरती के साथ हुई। इसके पश्चात नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपनी माताश्री सीतादेवी मेवाड़ा के करमलों से पूजा-अर्चना कराकर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। सुमधुर भजनों और सुंदरकांड की चौपाइयों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय और ऊर्जामय बना दिया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने प्रभु श्री राम एवं संकटमोचन हनुमान जी महाराज से नगर और क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजकों ने भगवान से प्रार्थना की कि प्रभु की कृपा, आशीर्वाद एवं मंगलमय दृष्टि सभी नगरवासियों पर सदैव बनी रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं के प्रति नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि इस पावन आयोजन में पधारे सभी धर्मप्रेमी भाई-बहनों, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं नगरवासियों का हम हृदय से अभिनंदन और धन्यवाद व्यक्त करते हैं। आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति, सहयोग एवं सहभागिता ने इस आयोजन को अत्यंत भव्य, सफल एवं स्मरणीय बनाया है।

मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटने पर करुणा ठाकुर का स्वागत किया

जावर। ग्राम आरोलिया के वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान सिंह ठाकुर की सुपुत्री कु. करुणा ठाकुर को मध्य प्रदेश पुलिस में चयन उपरांत प्रशिक्षण पूर्ण कर गृह ग्राम आगमन पर साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। कु. करुणा ठाकुर की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। आज बेटियां शिक्षा, मेहनत और लगन के बल पर देश सेवा के महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हुए समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर रही हैं। नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कोठरी में चलाया स्वच्छता अभियान

परिषद अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक चलाए जा रहे विश्व पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोठरी परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

उन्होंने स्वयं विद्यालय परिसर में सफाई गतिविधियों में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर विद्यार्थियों एवं नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एम. एल. डा. तिर्की, नगर परिषद के पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद प्रतिनिधि एवं नगर परिषद के स्वच्छता एम्बेसडर दिनेश चौधरी, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद लालता विजय सिंह, वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद बबिता धर्मेंद्र मालवीय, पूर्व सरपंच मोहन सिंह तथा नगर परिषद के वरिष्ठ कर्मचारी जय प्रकाश फरेला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति ने नगर के विकास, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। साथ ही नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

जनसुनवाई में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम सेमलीबारी के दिव्यांग युवक अनिल कुमार ने पहुच कर ग्राम में रखी अपनी गुमटी यथावत स्थान पर रखवाने की मांग की। युवक ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को अपनी पीड़ा बताई एवं अपनी समस्या का मांग पत्र विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को सौंपा । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते हैं । आज बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं,मांगो का जल्द निराकरण होगा। जनसुनवाई मेंबापचा बरामद में विद्युत पोल को ठीक कराने,खड़ी हाट में फर्द बटवारा तैयार कर प्रस्तुत कराने,ग्राम शंभुखेड़ी में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने,ग्राम पंचायत मानखेड़ी में जल प्रदाय हेतु पानी का टेंकर देने, ग्राम परोलिया जावर में धर्मशाला निर्माण कराने, याचिका लेखक हेतु लाइसेंस दिलाने, मेमदाखेड़ी में जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने, ग्राम पंचायत ग्वाली में माँ विजासन धाम स्थान पर टीन शेड एवं कब्रस्तान की बाउण्डरीवाल निर्माण कराने,उर्दू शिक्षक के पद पर पदस्थापना कराने,शासकीय सेवा में नियुक्ति कराने,जावर में खेल मैदान की बनाने, ग्राम अरनिया पठार पंचायत गोविन्दपुरा में सड़क निर्माण कराने, आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण आर्थिक सहायता प्रदाय कराने, आष्टा मण्डी को प्रदेश स्तर पर वनोपज हर्बल औषधीय विशेष मण्डी घोषित कराने,बापचा बरामद में सीसी रोड़ निर्माण हेतु, मेडिकल सर्टिफिकेट में जन्म दिनांक सुधार करवाने,ग्राम शाहपुरा पांचापुरा में ट्रांसफार्मर स्थापित कराने,आवासों तक आने जाने का रास्ता खुलवाने ग्राम कालापीपल में,ग्राम पंचायत जगमालपुर में ग्रेवल रोड़ निर्माण कराने,अरनिया जौहरी में रामदेवरा समिति एवं रविदास मंदिर जावर को वाद्य यंत्र प्रदाय कराने,सेकड़ापुरा जगमालपुर में हेन्ड पम्प स्थापित कराने,खेड़ापुरा पुरा से ग्राम पंचायत मेहतवाड़ा तक डामरीकरण कराने, प्रधानमंत्री आवास प्रदाय कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए ।